## दादाजी मंदिर नवनिर्माण कार्यों का जायजा लिया

नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** शुक्रवार को श्री छोटे दादाजी की बरसी के दिन, कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने निर्माण समिति के सदस्यों के साथ श्री दादाजी दरबार में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने दादाजी परिसर में निर्माणाधीन मंदिर के फाउंडेशन तथा अन्य कार्यों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, शांतनु दीक्षित, धर्मेन्द्र बजाज, मदन ठाकरे, तपन डोंगरे, रोचक नागोरी एवं सतीश कोटवाले भी मौजूद थे।

## ओंकार पर्वत पर अतिक्रमण हटाने तीन दिन का नोटिस

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** एकात्म धाम परियोजना के द्वितीय चरण के तहत ओंकार पर्वत क्षेत्र में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। गुरुवार को नगर परिषद, राजस्व और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित कब्जाधारियों को तीन दिन के भीतर स्थल खाली करने के नोटिस जारी किए। यह कार्रवाई आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, भोपाल के निर्देशों के तहत की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 10 हरीओम बाबा क्षेत्र में हनुमान एवं शिव मंदिर सहित कई कच्चे-पक्के मकान, दुकान और अन्य निर्माण पाए गए, जिन पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। नोटिस में तय समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाने पर नगर परिषद द्वारा बलपूर्वक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

हालांकि नोटिस में विस्थापन, पुनर्वास या मुआवजे की स्पष्ट जानकारी नहीं होने से स्थानीय निवासियों में चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है। प्रभावित लोगों ने वैकल्पिक व्यवस्था की मांग उठाई है। प्रशासन ने सभी से स्वेच्छा से सहयोग करने की अपील की है।

## संयम आत्मा को परमात्मा बनाने की पहली सीढ़ी : मुनि श्री विशोध सागर



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** आचार्य श्री आर्जव सागर जी मुनिराज के शिष्य मुनि श्री विशोध सागर जी महाराज के सानिध्य में पंधाना नगर में धर्म प्रभावना का आयोजन किया जा रहा है। महाराष्ट्र के चिखली में चातुर्मास पूर्ण कर पदविहार करते हुए वे बुरहानपुर से पंधाना पहुंचे, जहां समाजजनों ने उनका स्वागत किया। श्री पदम प्रभु जैन मंदिर में आयोजित प्रवचन में मुनि श्री ने रत्नकरण श्रावकाचार ग्रंथ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संयम आत्मा को परमात्मा बनाने की पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि गृहस्थ भी आहार दान, औषधि दान, शास्त्र दान और अभय दान के माध्यम से मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। मानव जीवन को दुर्लभ बताते हुए उन्होंने देव, शास्त्र और गुरु के प्रति समर्पण का संदेश दिया। प्रवचन के बाद आहारदान कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुनि सेवा समिति के अनुसार प्रतिदिन सुबह प्रवचन, आहारचर्या, दोपहर में तत्व चर्चा और शाम को गुरु भक्ति के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## परीक्षा पर चर्चा 2026 का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों ने जनप्रतिनिधियों संग देखा



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित परीक्षा पर चर्चा 2026 कार्यक्रम का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया लाइव संवाद शुक्रवार को जिले के विभिन्न स्कूलों में देखा गया। जिला मुख्यालय स्थित मोतीलाल नेहरू स्कूल में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से प्रसारण देखा। इस अवसर पर विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, लक्ष्य निर्धारित करने और असफलता से न घबराने का संदेश दिया। महापौर अमृता अमर यादव ने समय प्रबंधन और निरंतर अध्ययन को सफलता की कुंजी बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सुदेश वानखेड़े ने भी विद्यार्थियों को परीक्षा हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी के स्वागत उद्बोधन से हुई। संचालन संदीप जोशी ने किया तथा आभार श्रीमती संगीता सोनवने ने व्यक्त किया। इस दौरान समाजसेवी सुनील जैन सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## छोटे दादा जी की बरसी पर दादाजी धाम में भव्य उत्सव



**नवभारत न्यूज ,खंडवा।** बड़े दादाजी के परम शिष्य छोटे दादा जी हरिहर भोले भगवान की बरसी पर दादाजी धाम में भव्य उत्सव मनाया गया। शहर सहित महाराष्ट्र, गुजरात व अन्य राज्यों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने बड़े व छोटे दादा जी के दर्शन कर धुनी माई में आहुति अर्पित की। दिनभर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रातः समाधि का नर्मदा व गंगाजल से स्नान, आरती, भोग एवं दोपहर में अभिषेक किया गया। श्रीसत्यनारायण कथा तथा रात्रि 8 बजे 108 दीपों की महाआरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। मंदिर ट्रस्ट द्वारा भंडारे की व्यवस्था भी की गई। छोटे दादा जी की प्रेरणा से दादाजी धाम में संगमरमर के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य जारी है।

# खंडवा जिला सहकारी बैंक में प्रबंधकों की नियुक्ति पर सवाल

## पहले अयोग्य बताकर निकाला, फिर 14 नाम और जोड़े

नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, खंडवा एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली लेकर सुर्खियों में है। बैंक द्वारा दिनांक 15.01.2026 को जारी किया गया नियुक्ति आदेश (क्र./स्था./2026/3307) विवादों के बवंडर में घिरता नजर आ रहा है। सूत्रों का दावा है कि समिति प्रबंधक (केडर) के पद पर हुई इन 24 नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर साठ-गांठ किया है।

**पहले 10 पास, फिर रातों-रात 14 अयोग्य बने योग्य :** बैंक के अंदरखाने से मिल रही खबर के मुताबिक, यह पूरी चयन प्रक्रिया शुरू से ही संदेहास्पद रही है। आरोप है कि बैंक प्रबंधन ने पहले केवल 92 में से 10 उम्मीदवारों का चयन किया था और शेष को अयोग्य घोषित कर चयन प्रक्रिया से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। जब बाहर किए गए योग्य कर्मचारियों ने इस मनमानी का विरोध किया और मामला तूल पकड़ने के डर से बैकडोर से बातचीत शुरू हुई। विरोध के बाद अचानक एक नई लिस्ट तैयार हुई और जिन लोगों को पहले अयोग्य बताया गया था, उनमें से 14 नाम जादुई तरीके से अंतिम सूची में जोड़ दिए गए। कुल 24 लोगों को नियुक्ति पत्र थमा दिए गए। सवाल यह है कि जो कल तक अयोग्य थे, वे रातों-रात योग्य कैसे हो गए?

दबी जुबान में चर्चा है कि इन नियुक्तियों में योग्यता को नहीं, बल्कि अर्थ को पैमाना बनाया गया है। आरोप लग रहे हैं कि बाद में जोड़े गए नामों और पूरी प्रक्रिया में भारी रकम की वसूली का अंदेशा जताया गया है।

**अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध :** मुख्य कार्यपालन अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश में चयन समिति और बैंक केडर कमेटी की बैठक (दिनांक 30.12.2025) का हवाला दिया गया है। लेकिन जिस तरह से टुकड़ों में लिस्ट फाइनल हुई, वह पूरी चयन कमेटी की भूमिका पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

**कर्मचारियों में भारी आक्रोश :** बैंक के ईमानदार और वरिष्ठ कर्मचारियों में इस भर्ती को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि अगर इसकी निष्पक्ष जांच SIT या उच्च स्तरीयकराई जाए, तो कई बड़े चेहरों से नकाब उतर जाएगा। नवभारत इस मामले पर जल्द बड़ा खुलासा करेगा। इस सम्बंध में डीआर संजय आर्य से भी संपर्क करना चाह लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया

### इनका कहना है....

कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खंडवा में सोसायटी प्रबंधकों की भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चयन प्रक्रिया में नियमों का सही पालन नहीं हुआ और पात्रता निर्धारण व मेरिट सूची तैयार करने में अनियमितताएं हुईं। उन्होंने वर्ष 2023 की भर्ती में अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही भर्ती से जुड़े दस्तावेज और चयन मानदंड सार्वजनिक करने की बात कही है, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी बने और अभ्यर्थियों के बीच विश्वास कायम हो सके।

## रवींद्र नगर में गरजा प्रशासन का बुलडोजर भारी विरोध के बीच हटाया अतिक्रमण



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर के रवींद्र नगर इलाके में आज प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया। सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर के नेतृत्व में नगर निगम की टीम और पुलिस की मौजूदगी में सड़क किनारे किए गए अवैध निर्माण को हटाया गया। इस दौरान शासकीय अमले को स्थानीय लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा।

**जेसीबी से ढहाए गए अवैध निर्माण :** प्रशासनिक कार्रवाई सुबह से ही शुरू हो गई थी। नगर निगम के दस्ते ने जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क से लगे मकानों के अवैध हिस्सों, फुटपाथ पर रखी गुमटियों और पक्की दुकानों को हटाना शुरू किया। बताया गया कि इन अवैध निर्माणों की वजह से मुख्य मार्ग काफी संकरा हो गया था, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी और आम राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और कुछ लोगों ने जेसीबी के सामने खड़े होकर कार्रवाई रोकने की कोशिश की। इस दौरान अधिकारियों और स्थानीय लोगों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।

शासकीय अमले को विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर ने स्थिति को संभालते हुए पुलिस बल की मदद से भीड़ को पीछे हटाया और कार्रवाई जारी रखी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी हाल में सरकारी जमीन और रास्तों पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### प्रशासन का कड़ा संदेश

कार्रवाई के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो और भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घंटों चली इस मुहिम के बाद सड़क को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, महिलाओं के साथ झड़प से बढ़ा तनाव

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के पंधाना थाना क्षेत्र की बोरगांव चौकी अंतर्गत ग्राम टाकली कला में जमीन पर कब्जे को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर उग्र हो गया। खेत में काम कर रहे एक आदिवासी परिवार और दूसरे पक्ष के बीच विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से मारपीट की घटना सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक आदिवासी परिवार खेत में कार्य कर रहा था, तभी दूसरी ओर की एक आदिवासी युवती कुछ लोगों के साथ खेत पर पहुंची। आरोप है कि साथ आए लोगों ने खड़ी फसल पर दवाई का छिड़काव करने का प्रयास किया, जिसका खेत में मौजूद महिलाओं ने विरोध किया। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़कर झगड़े में बदल गई।



पीड़ित पक्ष का आरोप है कि विवाद के दौरान महिलाओं के साथ मारपीट की गई तथा एक युवक ने एक महिला को धक्का देकर गिरा दिया। घटना के दौरान महिलाओं के बीच भी हाथापाई होने की बात सामने आई है।

बताया जा रहा है कि विवादित जमीन पर दोनों पक्ष अपना-अपना स्वामित्व जता रहे हैं। एक पक्ष जमीन को अपनी पुश्तैनी संपत्ति बता रहा है, जबकि दूसरा पक्ष भी उस पर अपना अधिकार होने का दावा कर रहा है। यह मामला पहले भी प्रशासन के संज्ञान में लाया जा चुका है, लेकिन समाधान नहीं निकलने से विवाद लगातार बना हुआ है। फिलहाल दोनों पक्षों ने बोरगांव चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## गर्भवती महिलाओं की 4 बार स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज,खंडवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरसूद में हरसूद और किल्लौद ब्लॉक के स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं की कम से कम चार बार स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से की जाए। जिन क्षेत्रों में जांच की प्रगति कम है, वहां विशेष शिविर लगाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक से पूर्व उन्होंने सीएचसी हरसूद के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने, टीकाकरण, परिवार कल्याण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, ई-संजीवनी और मोतियाबिंद ऑपरेशन की प्रगति बढ़ाने पर जोर दिया। कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। लापरवाही मिलने पर हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन में कमी के कारण दो एएनएम और एक सीएचओ का एक-एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

## सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना में 47वीं अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के आवासीय परिसर में 47वीं अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। शुक्रवार को मुख्य अभियंता जे.सी. जुनवाल ने भारत माता एवं सिंगाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया। प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, बिरसिंहपुर, चचाई, जबलपुर, सिरमौर और सिंगाजी की टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच ग्वालियर और उज्जैन के बीच खेला गया, जिसमें ग्वालियर टीम विजयी रही। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेंद्र साहू, वी.एस. मल्ल, एम.के. कोरी, आर.के. तिवारी, आर.एस. अलावा, खेल सचिव शैलेष चौहान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संचालन सौरभ श्रीवास्तव ने किया।



## महाशिवरात्रि उत्सव को लेकर सिंधी समाज ने वितरित किए केसरिया ध्वज

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** महाशिवरात्रि पर प्रतिवर्ष निकलने वाली भोले की बारात को लेकर शहर में उत्साह बढ़ता जा रहा है। सिंधी समाज भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए युवाओं द्वारा लगातार तैयारियां की जा रही हैं। हिंदू वीर जैकी रेवतानी और हरु आसवानी के नेतृत्व में सिंधी कॉलोनी, पुरुषार्थी वार्ड और टैगोर कॉलोनी में घर-घर जाकर केसरिया ध्वज वितरित किए गए। युवाओं द्वारा लोगों को बारात में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जैकी रेवतानी ने बताया कि टोनी सीतलानी, बलराम गिदवानी, प्रताप चंदवानी, विनोद मंगवानी, राहुल आहुजा, विजय मंगवानी, भरत रिंकू चंदवानी, मनीष कोटवानी, कुंदन चेतवानी, हरु आसवानी और कन्नू साई सहजवानी सहित कई युवा सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। समाज प्रवक्ता कमल नागपाल के अनुसार 500 केसरिया ध्वज लगाने का प्रारंभिक लक्ष्य पूरा कर लिया गया है तथा जल्द ही घर-घर पीले चावल देकर पुनः आमंत्रण किया जाएगा।



## विधायक तनवे ने विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित शासन के निःशुल्क स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम में खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे शामिल हुईं। उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विधायक ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक जरूरतों की जानकारी ली और कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व युवाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम के बाद उन्होंने महाविद्यालय पुस्तकालय का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, पूर्व पार्षद संदेश गुप्ता, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह, प्रोफेसर कुलदीप सिंह फरे सहित महाविद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान शुरू

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। नगर परिषद क्षेत्र में यह अभियान सक्रिय रूप से चल रहा है, जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोनिका पारधी को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। शंभूलाल केवट, सचिन मोरे सहित टीम सत्यापन कार्य में जुटी है। मतदान क्रमांक 19 से 36 तक करीब 3600 मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। बीएलओ टीम घर-घर जाकर आवेदन ले रही है और उन्हें निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। 2 से 7 फरवरी तक आवेदन जमा किए जाएंगे।